कार्यालय प्राचार्य
संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद,
जिला धमतरी (छ.ग.)

NAAC Accredited B

Website: govtcollegekurud.com Email: pgcollegekurud@gmail.com, pri-sggpgkurud.cg@gov.inTel: 07705-296375

।। छ.ग. युवा मितान परिवहन योजना संबंधी सूचना।।

दिनांक 24/11/2023

महाविद्यालय के समस्त नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि "छ.ग. युवा मितान परिवहन योजना" के अंतर्गत महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों को बस द्वारा निःशुल्क परिवहन सुविधा प्रदान की जानी है।

बस के द्वारा निःशुल्क परिवहन की सुविधा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थी वेबसाइट **https://cmbuspass.cgstate.gov.in/** में अपना पंजीयन कर आवेदन करें तथा निम्नलिखित दस्तावेज महाविद्यालय में दिनांक 02/12/2023 तक अनिवार्यतः जमा करें–

1. ऑनलाईन आवेदन की हार्डकॉपी
2. दसवीं कक्षा की अंकसूची की छायाप्रति
3. जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति (सामान्य वर्ग को छोड़कर)
4. प्रवेश रसीद की छायाप्रति।
5. आधार कार्ड की छायाप्रति।

टीपः–

1. पंजीयन के दौरान ओ.टी.पी. के लिए निर्धारित समय 10 मिनट तक प्रतीक्षा करें किसी भी मोबाईल नं पर तीन बार ओ.टी.पी. आने के पश्चात् 24 घंटे के लिए उस मोबाइल नं. पर ओ.टी.पी. प्राप्त नहीं होगा।
2. आवेदन करते समय सही बस रूट/बस स्टाप को चुने।
3. पोर्टल में बस रूट नहीं दिखाने पर महाविद्यालय कार्यालय में संपर्क करें।
4. पोर्टल से प्राप्त आई.डी. पासवर्ड को अनिवार्य रूप अपने पास सुरक्षित रखें क्योंकि अभी पोर्टल दुबारा पासवर्ड प्राप्त करने का विकल्प नहीं है।
5. निःशुल्क बस सुविधा केवल पंजीकृत बसों के लिए हैं। टैक्सी/ऑटो/मैजिक या अन्य छोटे वाहनो से आने जाने के लिए नहीं है।
6. उक्त सुविधा केवल सामान्य बसों हेतु है। लक्ज़री बसों से आने–जाने हेतु नहीं है।
7. महाविद्यालय आने–जाने हेतु बीच में बस बदलकर दुसरे बस से आने–जाने की सुविधा नहीं होगी। किसी एक बस से आना है एवं किसी भी एक बस से आपके द्वारा आवेदन में दिए गए अनुसार वापस जाना है।

पवन कुमार ताम्रकार,
नोडल अधिकारी, छ.ग. युवा मितान परिवहन
योजना/सहा.प्रा. वाणिज्य

(डॉ. डी. के. राठौर)
प्राचार्य
PRINCIPAL
S.G.G. Govt. P. G. College
Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)